## संक्षिप्त

### पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

**दौसा, (निसं)।** कोतवाली थाना पुलिस सहित जिला डीएसटी टीम द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए शनिवार को देसी पिस्टल एवं एक जिंदा कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली थाना अधिकारी लाल सिंह यादव ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करती हुई फर्स्ट टावर दौसा से एक देसी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस के साथ आरोपी युवक विक्रम मीणा पुत्र सीताराम मीणा निवासी अगावली थाना सिकंदरा को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की गई। वहीं जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान के दौरान अवैध देसी पिस्टल व जिंदा कारतूस के सात युवक के पकड़े जाने के बाद अवैध बंदूक कारतुस आदि का अवैध धंधा करने वाले गिरोह में हड़कंप मचा देखा गया।

### जांगिड़ ब्राह्मण समाज की बैठक

**चाकसू, (निसं)।** तहसील कोटखावदा के ग्राम पंचायत रूपाहेडी कला मनसा माता मंदिर स्थल पर होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर जांगिड़ ब्राह्मण समाज के लोगों ने मीटिंग का आयोजन किया। कार्यकारिणी के लोगों ने बताया कि 29 अप्रैल को जांगिड़ ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजन किया जाएगा जिसमें 13 मार्च को युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में समाज के लोगों ने सामूहिक विवाह हेतु 51 जोड़ों के पंजीयन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस अवसर पर कार्यकारिणी के लोगों ने आग्रह किया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थान कोटखावदा के ग्राम रुपाहेड़ी कला में मनसा माता मंदिर स्थल पर जांगिड़ ब्राह्मण समाज के सभी महानुभाव अधिक से अधिक पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### स्वयंसेविकाओं ने रैली निकाली

**कोटपूतली, (निसं)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन रविवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रथम सत्र में डॉ. कमलेश यादव ने स्वच्छता विषय पर व्याख्यान व प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही स्वयंसेविकाओं को योग व ध्यान के विभिन्न आसनों से भी अवगत करवाया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विमल कुमार यादव व प्रतिभा पोषवाल के नेतृत्व में छात्राओं ने कस्बे के मुख्य मार्गों पर पर्यावरण संरक्षण, समाज सुधार, कुरीति निवारण, लैंगिंक समानता के मुद्दे को लेकर रैली का आयोजन किया। स्वयंसेविकाओं ने काशीपुरम कॉलोनी में सफाई कार्य कर स्वच्छता का संदेश दिया।

# हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा का होली स्नेह मिलन व फाग महोत्सव

**बस्सी, (निसं)।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के युवाओं द्वारा रविवार को बैनाडा के श्रीजी धाम परिसर में होली स्नेह मिलन एवं फाग महोत्सव का आयोजन किया गया।

महोत्सव का शुभारंभ बैनाडा श्रीजी धाम के रामदयाल दास महाराज एवं अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा बंबाला ने दीप प्रज्वलन कर किया। रामदयाल दास महाराज ने युवाओं से समाज हित में समाज में फैली

- 19 मार्च को ब्राह्मण महापंचायत में अधिक से अधिक लोगों के भाग लेने की अपील की



**अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के युवाओं ने बैनाडा के श्रीजी धाम परिसर में होली स्नेह मिलन एवं फाग महोत्सव का आयोजन किया।**

कुरीतियों को बंद करने की अपील के साथ ही समाज को जागरुक समाज की दिशा में आगे बढने का आशिर्वाद दिया। वहीं महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा ने स्नेह मिलन एवं फाग महोत्सव में आए समाज के लोगों को समाज को तरक्की की राह पर ले जाने का आश्वासन देते हुए महासभा का विस्तार करते हुए कई पदाधिकारियों के नियुक्ति की घोषणा की। महासभा की कार्यकारिणी में कैलाश शर्मा दुर्गापुरा को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, रामनारायण कांजला को राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष, सुभाष गोगोरिया डीएमबी को राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया। इसके साथ ही शर्मा ने 30 मई को हर साल की तरह सामूहिक विवाह सम्मेलन निश्चित किए जाने का ऐलान किया।

इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बंबाला ने 19 मार्च को जयपुर के विद्याधर नगर में आयोजित होने वाली ब्राह्मण महापंचायत में समाज के अधिक से अधिक लोगों के भाग लेने की अपील की। इस दौरान महोत्सव में जयपुर जिले समेत आसपास के जिले एवं तहसीलों से आए हजारों समाज बंधुओं ने मेल मिलाप करते हुए फाग महोत्सव का आनंद लेने के साथ ही अल्पाहार करते हुये कार्यक्रम की समाप्ति के बाद पंगत प्रसादी ग्रहण की। फाग महोत्सव में नवरतन कोठोत्या एवं बनवारी भीलपुरा की टीम द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यकम में राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा, कोषाध्यक्ष शंभूलाल कुईवाला, सह कोषाध्यक्ष गोपाल गोगोरिया, राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम अलियाबाद, बंशी बोहरा, सुभाष गोगोरिया डीएमबी, रामनारायण कांजला, कैलाश शर्मा दुर्गापुरा, रमेश शर्मा गोविंदपुरा , कमलेश शर्मा कानोता, सुनील शर्मा टीलावाला, बस्सी प्रधान इंदिरा देवी, सुरेंद्र शर्मा, देवेश पोट्ल्या, अनिलदीप बापलावत, मुन्ना पंडित रामजीपुरा, रमेश शर्मा पार्षद, गुलाब शर्मा सांगानेर, जगदीश बंदावला, सियाराम शर्मा महाराजपुरा, गोपाल चांदी वाले, महेन 12 बीघा, राजेश भाजुपुरा, बंशी खेडी, मंगल 36 दुकान, हनुमान बंबाला, अरुण कांजला, कमल कोठोत्या, विक्रम खेडी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** राज्य सरकार के राजीव गांधी युवा इंटर्नशिप कार्यक्रम के समापन के दौरान प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रूक्क्मणि कुमारी ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का काम करें जिससे जरूरत मन्द आदमी को लाभ मिल सके।

वहीं आमजन को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने एवं उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य में राजीव गांधी युवा कोर का गठन किया गया है। जिसके तहत गोविन्दगढ़ ब्लॉक के राजीव गांधी युवा मित्रों का चयन कर स्थानीय स्तर पर समन्वय स्थापित करने के लिए महिला एवं पुरुष राजीव गांधी युवा वॉलेंटियर की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। शहरी क्षेत्र के और ग्रामीण क्षेत्र के वॉलेंटियर को प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला के दोनों दिन मास्टर ट्रेनर जालसू के ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी डॉ सुरज्ञान डिडेल ने समस्त विभागों की योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के समापन के अवसर पर में ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी कैलाश यादव, सहायक कृषि अधिकारी गोविंदगढ़ डॉ हीरा लाल यादव, सांख्यिकी निरीक्षक मालीराम यादव, राजीव गाँधी युवा मित्र राजेन्द्र यादव, अभिषेक मोरदिया, विनोद डागर, कानाराम डागर, सुनील कुमावत, राजेश देवंदा, जितेंद्र सैन आदि उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### सर्व ब्राह्मण महासभा का होली मिलन समारोह आयोजित



**टोंक, (निसं)।** सर्व ब्राह्मण महासभा जिला टोंक की कार्यकारणी की बैठक एवं होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने सभी को होली की बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए अधिक से अधिक युवाओं को भी जोड़ने का आव्हान किया। साथ ही उन्होंने 19 मार्च को जयपुर में होने वाली ब्राह्मण महापंचायत में अधिक से अधिक समाज बंधु को पहुंचने की अपील की। साथ ही 2023-24 के लिए नवीन कार्यकारणी का प्रस्ताव लिया गया। इस दौरान हनुमान प्रसाद बोहरा, बाबू लाल शर्मा अमीन, डॉ प्रेम शंकर शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, महेश जोशी, विष्णुदत खांडल, सोभाग मल शमा, मुकुंद भारद्वाज, सुनील शर्मा निवाई, महेश पारीक उनियारा, राधाकृष्ण दाधीच मालपुरा, दुर्गा लाल शर्मा, विष्णु पारीक, केदार मल शर्मा, महेश दाधीच, राजेश शर्मा, विवेक शर्मा, दशरथ किशोर शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शिविर में 42 जनों ने रक्तदान किया



**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** भारत विकास परिषद शाखा बहरोड़ के द्वारा कैलाश पार्क हॉस्पिटल बहरोड़ में स्थापना दिवस के 28 वें वर्ष पर मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 42 रक्त वीरों ने रक्तदान दिया। अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव तथा हॉस्पिटल के सीईओ राजवीर सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी 63 वीं बार रक्तदान करने वाले राकेश जयपाल की उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ किया गया। वहीं शिविर के दौरान महिलाओं द्वारा रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने पर परिषद ने हॉस्पिटल स्टाफ के साथ मिलकर सभी रक्त वीरों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित करते हुए रक्तदान करने के लिए उत्साहवर्धन किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष राकेश मुच्छल, संरक्षक वीरेंद्र प्रजापति, वीरेंद्र प्रजापत गणेश कार शृंगार, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार तथा उपाध्यक्ष ओम यादव, विजय शर्मा, संदीप यादव, प्रदीप सुरेलिया, महावीर योगी एवं परिषद के सदस्यों सहित समाजसेवी हरपाल सिंह गादोज, योगेंद्र सिंह राघव एवं अजीत सिंह राजपूत एवं उदेश कुमार स्वामी आदि रक्त वीरों सहित हॉस्पिटल का स्टाफ मौजूद रहा।

### जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान किया



**कोटपूतली, (निसं)।** भाजपा नेता मुकेश गोयल की पहल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर 2015 से शुरू हुआ रक्तमणि कार्यक्रम 2739 दिनों से लगातार जारी है। रक्तमणि अभियान में जीवन धारा ब्लड बैंक में मीनाक्षी आर्य पुत्री तोताराम आर्य निवासी ग्राम चुरी ने अपने जन्मदिन पर भाई अभिषेक आर्य के साथ स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर रोहित आर्य, विकास आर्य व रक्तमणि ललित सैनी उपस्थित रहें।

### रक्तदान शिविर आज

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा नगर पालिका कार्यालय के निकट स्थित न्यू कॉलोनी में 13 मार्च को प्रात: 11: 15 बजे से शाम 5 बजे तक स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही ब्लड सेंटर का शुभारंभ भी किया जाएगा। समाजसेवी केदारमल कुमावत ने बताया कि उक्त फुलेरा ब्लड सेंटर का शुभारंभ किवाड़ा धाम के गौऋषि तपस्वी संत श्री प्रकाश दास जी महाराज के द्वारा किया जाएगा।

## विधायक ने स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की जोबनेर सड़क स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का रविवार को स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत ने औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान स्वास्थ्य केन्द्र खुलने के समय पर पहुंचकर देखा तो चिकित्सक भी अपनी कुर्सी से नदारद मिले। तो वहीं दूसरी ओर पर्ची काउण्टर व दवाई काउण्टर पर लगी मरीजों की लम्बी लाइनों में मरीज परेशान होते हुए नजर आए। साथ ही सैम्पल जांच प्रयोगशाला के भी ताले लटके हुए मिले। इस पर विधायक ने नाराजगी जताते हुए उक्त स्थिति से सीएमएचओ को अवगत कराया।

विधायक कुमावत ने बताया कि काफी समय से मरीजों की बार-बार स्वास्थ्य केन्द्र में हो रही समस्याओं को लेकर शिकायतें मिल रही थी। इस पर मैंने आज आकर देखा तो मुझे भी बहुत सी अनियमितताओं का सामना करना पड़ा। वहीं स्वास्थ्य केन्द्र में मौजूद मरीजों ने विधायक को बताया कि स्वास्थ्य केन्द्र में रोजाना ही इस तरीके से हमें बहुत सारी समस्याओं का सामना करना हमारी मजबूरी बनी हुई है

- अनियमितता मिलने पर नाराजगी जताई

इसी तरह राज्य सरकार द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य की जांच हेतु लगाई गई जांच मशीनों में से बहुत सी मशीनें भी खराब पड़ी हुई है। साथ ही साथ यहां तक की लाखों रुपयों की लागत से बने ऑपरेशन थिएटर का भी मरीजों को कोई उचित लाभ नहीं मिल रहा है। प्रसव कराने वाली महिलाओं को भी यहां से निजी चिकित्सालय में रेफर कर दिया जाता है।

इसके लिए विधायक कुमावत ने मरीजों को आश्वस्त करते हुए कहां कि वह जल्दी ही चिकित्सा मंत्री से मिलकर उपरोक्त समस्याओं का जल्दी ही निवारण करवाएंगे। इस मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत, महामंत्री मुरारी लाल सिंवाल, संदीप जैन, नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक, पूर्व पालिका अध्यक्ष रतन राजौरा, आलोक तिवाड़ी, दिलीप सुरोलिया, पार्षद सरदार सिंह चौधरी, पूजा भाटी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति सम्मान व होली मिलन समारोह आयोजित

**मालपुरा, (निसं)।** मानव मित्र मंडल सेवा संस्थान के तत्वावधान में रविवार को नारी शक्ति सम्मान व होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में पहुंची प्रदेश की पहली महिला बॉडी बिल्डर व गोल्ड मेडलिस्ट प्रिया सिंह मेघवाल ने समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कर्ष्ट कार्य करने वाली शिक्षिका संतरा असावरा, नेहा शर्मा, शबनम सिद्धिकी, नेशनल खिलाडी पलक चौपडा को वुमन इंस्फायर्ड अवार्ड से सम्मानित किया तथा बीते दिनों हरिसागर कुण्ड में दो बच्चों को डूबने से बचा नवीन जीवनदान देने वाले रामप्रसाद जांगिड़ को सिटी हीरो के अवार्ड से सम्मानित किया गया।

प्रिया सिंह ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। पुरूषों के समान संघर्ष कर हर क्षेत्र में अपना पर्चा लहरा रही हैं। एएसपी राकेश कुमार बैरवा ने प्रिया सिंह के जज्बे से महिलाओं को प्रेरणा लेने का संदेश दे महिला अधिकार व जाग्रति की जानकारी दी। संस्थान के संस्थापक




**मानव मित्र मंडल सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित समारोह में प्रदेश की पहली महिला बॉडी बिल्डर प्रिया सिंह ने भाग लिया।**

नोरत वर्मा, संजय पाराशर आदि ने बॉडी बिल्डर का सम्मान किया। तत्पश्चात शहर के महेश सेवा सदन मालपुरा में जिला पावर लिफिटंग एसोशिएसन के तत्वावधान में आयोजित सिनियर पावर लिफिटंग व मिस्टर टोंक 2023 प्रतियोगिता में शिरकत करते हुए बॉडी बिल्डर को सम्मान से नवाजा। पूर्व उपप्रधान गोपाल गुर्जर, नीरज गुप्ता, प्रिया सिंह व एएसपी राकेश कुमार बैरवा का आयोजन समिति द्वारा राजस्थानी पगडी पहना स्वागत किया गया।

## ओबीसी प्रकोष्ठ की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की सिंघानिया धर्मशाला परिसर में रविवार को प्रात: 11 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ की एक बैठक का आयोजन अध्यक्ष कैलाश सैनी की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव अमर चन्द मण्डावरा और विशिष्ट अतिथि के रूप में नानूराम कुमावत, जिला महामंत्री ओमप्रकाश कुमावत, पालिका उपाधायक्ष योगेश सैनी, जिला महासचिव इमरान अंसारी, पार्षद प्रमोद मीणा, मनोनित पार्षद अब्दुल लतीफ कुरैशी, दिलीप जाजोरिया, विजय तंबोली रहे। उपरोक्त जानकारी देते हुए ओबीसी प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश सैनी ने बताया कि इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ नानूराम कुमावत ने सभी को संबोधित करते हुए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आ ान किया। साथ ही कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का संकल्प दिलाया। तत्पश्चात ब्लॉक ओबीसी प्रकोष्ठ की नवीन कार्यकारिणी का गठन कर नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।

## सैन महासभा की बैठक 14 को

**नारायणपुर, (निसं)।** अखिल भारतीय सैन महासभा की बैठक सैन समाज के अध्यक्ष महेश चन्द की अध्यक्षता में 14 मार्च को आयोजित होगी । अध्यक्ष महेश चन्द ने बताया कि अखिल भारतीय सैन महासभा की बैठक मंगलवार को कस्बा स्थित अखिल भारतीय सैन महासभा गुदड़ी धाम चबूतरा पर रात्रि 9 बजे से आयोजित की जाएगी । जिसमे समाज सुधार पर विचार विमर्श किया जाएगा। अध्यक्ष ने बैठक में समाज के अधिक से अधिक लोगो पहुंचने का आव्हान किया है।

## नकबजनी का एक आरोपी गिरफ्तार

**फुलेरा, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव प्रचार द्वारा जिले में नकबजनी, चोरी की वारदातों की रोकथाम, बदमाशों की धरपकड़ एवं अवैध कारोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा, वृताधिकारी सांभरलेक अतिरिक्त चार्ज जोबनेर मुकेश चौधरी के निर्देशन में फुलेरा थानाधिकारी हनुमान सहाय के नेतृत्व में पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई।

थानाधिकारी हनुमान सहाय ने बताया कि थाना क्षेत्र के माच्छरखानी में 21 फरवरी को रात्रि में पेट्रोल पम्प पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नकबजनी की वारदात कर पैसे चोरी कर ले जाने का मामला थाने पर दर्ज किया गया था। पुलिस की टीम ने उक्त मामले की गंभीरता से तहकीकात करते हुए आरोपी सुरेश उर्फ गुल्ला बावरिया पुत्र गोपाल उर्फ हनुमान जाति बावरिया उम्र 20 वर्ष निवासी सुखालपुरा थाना क्षेत्र रेनवाल हाल निवासी गजाधरपुरा थाना क्षेत्र कालवाड़ को गिरफ्तार किया गया है।

## सोमिल की सैनिक स्कूल के लिए 21वीं रैंक

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बा स्थित अशोका कोचिंग संस्थान के निदेशक इंजी. विक्रम कसाना के पुत्र सोमिल कसाना ने भारतीय सेना द्वारा आयोजित सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में 300 में से 272 अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर 21वीं रैंक हांसिल की है। सोमिल कस्बा स्थित आजाद डिफेंस एकेडमी के छात्र है। रविवार को एकेडमी की ओर से चयनित छात्रों को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि सोमिल के दादाजी शंकर लाल कसाना क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी है।

## अवैध सूदखोरी को लेकर 40 जनों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज

**दौसा, (निसं)।** एक मार्बल ग्रेनाइट के व्यापारी चंद्र प्रकाश शर्मा द्वारा सूदखोरों से तंग आकर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए एक पुलिस के हेड कांस्टेबल सहित 40 लोगों के खिलाफ अमानत के तौर पर रखे खाली चेक दस्तावेज सहित गलत गतिविधियों का डर दिखाते हुए अवैध वसूली अवैध सूदखोरी का मामला दौसा कोतवाली थाने में दर्ज कराया गया है।

पीड़ित व्यापारी ने बताया कि वह आगरा रोड पर मार्बल एवं ग्रेनाइट पत्थर का व्यापार करता है। नामजद आरोपी पिछले लंबे समय से खाली हस्ताक्षिरत चेक प्रोबेसरी नोट स्टांप इत्यादि का गलत तरीके से अपराधिक गतिविधियों के दम पर अवैध वसूली करते आ रहे हैं। आरोपियों द्वारा इन दस्तावेजों का दुरुपयोग कर उन पर गलत तरीके से दबाव बनाकर लंबे समय से अवैध वसूली भी कर रहे हैं। आरोपी अमानत के तौर पर रखे हुए इन दस्तावेजों का दुरुपयोग कर उनके व उनके परिवार को घर जाकर डराने धमकाने एवं ब्लैकमेल करने का कार्य कर रहे हैं। इन सूदखोरों एवं अवैध वसूली करने वालों के डर से वे व्यापार बंद कर घर छोड़कर बिना बताए चले गए थे। डर के चलते हुए एवं उनका परिवार गहरे मानसिक अवसाद में एवं भय के साए में चल रहा है। ये लोग गुंडा प्रवृत्ति के लोगों को साथ लेकर उनके घर घुस जाते एवं उनके व परिवार जनों के साथ गाली गलौच कर अभद्र व्यवहार करते हैं। पीड़ित ने बताया कि इन सूदखोरों एवं अवैध वसूली करने वालों ने इस तरह का आतंक मचा रखा है कि उनके व उनके परिवार को आत्महत्या जैसे कदम उठाने के खयाल आते रहते हैं।

गौरतलब है कि राजस्थान पुलिस मुख्यालय द्वारा अवैध सूदखोरी एवं अवैध वसूली को लेकर चलाए जा रहे अभियान में दौसा जिले का यह पहला बड़ा मामला है जहां इतनी भारी संख्या में नामजद अवैध वसूली व अवैध सुदखोरी का मामला दर्ज हुआ है। जिला मुख्यालय पर जरूरतमंद एवं भोले भाले लोगो को ठगी का शिकार बना अवैध वसूली एवं सूदखोरी का एक बड़ा गिरोह संचालित है जो भोले भाले लोगों से खाली हस्ताक्षिरत चेक खाली स्टाम्प जैसे दस्तावेज लेकर उसमें मनमानी राशि भरकर अवैध ब्याज खोरी एवं अवैध वसूली का कार्य कर रहे हैं। पीड़ित ने इन लोगों पर कार्रवाई करने के साथ उन को सुरक्षा प्रदान करने की मांग को लेकर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# होली मिलन समारोह में भाजपाईयों व ग्रामीणों का सैलाब उमड़ा

**पावटा, (निसं)।** ग्रोवर कृषि फार्म, सरकारी अस्पताल के सामने पावटा में होली स्नेह मिलन समारोह भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड द्वारा आयोजित किया गया।

आयोजन में भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड़ का भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों एवं युवा टीम द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इससे पूर्व विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों एवं युवा टीम द्वारा समारोह स्थल ग्रोवर कृषि फार्म, सरकारी अस्पताल तक पावटा तक बाइक रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड, टोंक सवाईमाधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजयुमो देवायुष सिंह चित्तौडगढ सांसद सी पी जोशी, भाजपा नेता उदयपुर हिमत सिंह झाला, विधानसभा प्रभारी कोटपूतली मुकेश गोयल, पावटा प्रागपुरा नगर पालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल, प्रागपुरा पूर्व सरपंच एलन स्वामी, ओमकार वालिया



**भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड़ द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया।**

मेवाड जिला जाट समाज अध्यक्ष, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुखराम धनकड, मंडल अध्यक्ष कोटपूतली सुभाष घोघड, जिला महामंत्री भाजपा सुरेंद्र चौधरी, उपप्रधान पिंकी कवर, समाजसेवी शंकर स्वामी, मनोज ग्रोवर, प्रकाश राठी, अनिल शर्मा, सीताराम शर्मा, सुरेश बादलीवाल सहित आगंतुक अतिथियों का 51 किलो की माला व पगडी पहनाकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं कुलदीप धनकड का 201 मीटर लंबा साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। लोक कलाकारों द्वारा देश भक्ति से औत प्रोत गीतों की की प्रस्तुति दी गई।

- हजारों कार्यकर्ताओं ने भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड़ को होली की बधाई दी

वहीं भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड ने कहा कि होली स्नेह मिलन समारोह हम सभी को आपस में मिलजुलकर रहने का संदेश देता है। आपसी बुराइयों को छोडकर प्रेम और शांति से रहने में ही समाज और देश की भलाई है। होली मिलन समारोह का आयोजन इसी उद्देश्य को लेकर किया गया है। अंत में पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड ने समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित हजारों की संख्या में पधारे ग्रामीणों का होली मिलन समारोह में आने पर आभार व्यक्त किया।

## होली मिलन समारोह आयोजित

**पावटा, (निसं)।** पेंशनर्स समाज उपशाखा पावटा ने रविवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में होली स्नेह मिलन का आयोजन किशनलाल गुरुजी के मुख्य आतिथ्य व कैलाश चंद यादव की अध्यक्षता एवं पूर्व अध्यक्ष प्रभातीलाल सराधना, शिक्षाविद लक्ष्मी नारायण शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में किसर। होली स्नेह मिलन समारोह में पावटा, कोटपुतली, विराटनगर के सैकडों सेवानिवृत 60 वर्ष से 95 वर्ष तक के समाज एवं प्रशासन के अमूल्य अनुभवो के साथ 2 वर्षों के कोरोना से संघर्ष कर, विशिष्ट अतिथियों के साथ इस पावन संगम में भाग लिया। उपशाखा अध्यक्ष कैलाश चंद यादव ने बताया कि कार्यक्रम में संगठन की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी एवं सदस्यों कि शंकाओं का संतोषजनक समाधान किया गया। इस मौके पर हरी सिंह शेखावत, हीरालाल गुर्जर, घीसा सिंह शेखावत, सुंडाराम वैध, मोहन लाल भारद्वाज, बलराज सिंह पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सरदार मल यादव, हनुमान सहाय गुर्जर, अश्वनी कुमार शर्मा, बनवारी लाल स्वामी, पूर्व सरपंच कैलाश चंद शर्मा, घीसा राम गुर्जर, पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्माशर्मा सहित सेकडो पेंशनर्स व गणमान्य अधिकारी मौजूद रहे।